महर्षि-सान्दीपनि-राष्ट्रिय-वेदविद्या-प्रतिष्ठान उज्जैन

(मानव संसाधन विकास मन्त्रालय भारत सरकार के अधीन)

Maharshi Sandipani Rastriya Vedavidya Pratisthan

(Under The Ministry of HRD Govt of India)

पत्र सं. 18–9/2017/2017 (शै.मसारावेविप्र.)/ दिनांक : 13/09/2017

सेवा में,

विषय–प्रतिष्ठान द्वारा अनुदानित गुरुशिष्य इकाईयों/वेद पाठशालाओं की नवीन दिशा–निर्देशिका के मुख्य बिन्दुओं के साथ अन्य जानकारी प्रेषण के सन्दर्भ में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रतिष्ठान द्वारा अनुदानित गुरुशिष्य इकाई/वेद पाठशालाओं की नवीन दिशा–निर्देशिका प्रतिष्ठान की वेबसाईट www.msrvvp.ac.in पर उपलब्ध है। उसके कुछ प्रमुख बिन्दु इस प्रकार हैं।

1. वर्तमान सत्र 2017–18 से पूरक परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी।
2. प्रतिष्ठान द्वारा संचालित गुरुशिष्य इकाईयों/वेद पाठशालाओं के सप्तम वर्ष छात्रों की वार्षिक परीक्षा उज्जैन में आयोजित की जाएगी।
3. इकाईयों/वेद पाठशालाओं के अध्यापकों के स्थानान्तरण की प्रक्रिया वर्तमान में समाप्त की जाती है।
4. प्रतिष्ठान द्वारा संचालित पाठ्यक्रम को 05 वर्ष तथा 02 वर्ष की पद्धति के अनुरूप सत्र 2018–19 अप्रैल, 2018 से लागू किया जाएगा।
5. वेद भूषण में प्रवेश हेतु छात्र की आयु 16 से अधिक नहीं होनी चाहिए तथा कक्षा 5 उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

वेद विद्या मार्ग, चिन्तामण गणेश, पो. जवासिया, उज्जैन ४५६००६ (म.प्र.),

दूरभाष : (0734) 2502266, 2502254, 2502255, फैक्स : (0734) 2502253 email : msrvvpujn@gmail.com, Web www.msrvvp.nic.in

महर्षि-सान्दीपनि-राष्ट्रिय-वेदविद्या-प्रतिष्ठान उज्जैन
(मानव संसाधन विकास मन्त्रालय भारत सरकार के अधीन)
Maharshi Sandipani Rastriya Vedavidya Pratisthan
(Under The Ministry of HRD Govt of India)

6. छात्रों को रुपये 2000/– प्रतिमाह की अध्ययन वृत्ति प्रदान की जाएगी। जिसमें से रु. 1,500/– छात्र के भोजन आदि रखरखाव के लिए और रु. 500/–छात्र के स्वतः व्यय के लिए प्रदान किया जाएगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि उपर्युक्त क्रमांक 6 विषयक कार्य समस्त वित्तपोषित छात्रों के अभिभावक के संयुक्त बैंक खाते की सम्पूर्ण जानकारी संलग्नक प्रोफार्मा में भरकर पासबुक की छायाप्रति सहित 30 सितम्बर, 2017 तक प्रतिष्ठान को प्रेषित करें जिससे कि अगस्त, 2017 से समस्त वित्तपोषित छात्रों की छात्रवृत्ति समय से प्रेषित की जा सके।

इसके अतिरिक्त समस्त छात्रों के आधार कार्ड की छायाप्रति साथ में प्रेषित करें। समस्त इकाईयों के अध्यापकों एवं छात्रों की उपस्थिति पंजिका एवं मासिक रिपोर्ट, विद्यालय के अध्यापकों एवं छात्रों की उपस्थिति पंजिका एवं मासिक रिपोर्ट प्रत्येक माह के उपरान्त अग्रिम माह की 3 तारीख के पूर्व प्रतिष्ठान कार्यालय के ई–मेल msrvvp.academic@gmail.com पर प्रेषित करें अन्यथा अनुदान प्रेषित करना संभव नहीं होगा। छात्रों के बैंक खातों की जानकारी ई–मेल msrvvp.scholarship@gmail.com पर प्रेषित करें।

सचिव महोदय के आदेशानुसार

(डॉ. अनूप कुमार मिश्र)
अनुभाग अधिकारी(प्र.)

वेद विद्या मार्ग, चिन्तामण गणेश, पो. जवासिया, उज्जैन ४५६००६ (म.प्र.),
दूरभाष : (0734) 2502266, 2502254, 2502255, फैक्स : (0734) 2502253 email : msrvvpujn@gmail.com, Web www.msrvvp.nic.in

महर्षि-सान्दीपनि-राष्ट्रिय-वेदविद्या-प्रतिष्ठान उज्जैन

(मानव संसाधन विकास मन्त्रालय भारत सरकार के अधीन)

Maharshi Sandipani Rastriya Vedavidya Pratisthan

(Under The Ministry of HRD Govt of India)

पाठशाला एवं गुरुशिष्य इकाई में अध्ययनरत छात्रों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति हेतु विवरण की सूचना निम्नलिखित प्रोफार्मा को भरकर शीघ्रातिशीघ्र प्रेषित करने का कष्ट करें।

1. छात्र का नाम --

2. माता/पिता का नाम --
(खाते में जिसका नाम उल्लेख हो अंकित करें।)

3. खाता संख्या ---

4. आई. एफ. एस. कोड --

5. बैंक शाखा का नाम --

6. बैंक का नाम---

7. छात्रों को भोजनादि देने वाली संस्था का नाम ---------------------------
(जो छात्र पाठशाला योजना में अध्ययनरत/गुरुशिष्य परम्परा इकाई में संस्था के अधीन अध्ययनरत/गुरुशिष्य परम्परा इकाई में मात्र गुरु के सान्निध्य में अध्ययनरत उपर्युक्त तीनों में से जिसके सान्निध्य में अध्ययनरत हैं स्पष्ट उल्लेख करें।)

छात्र के हस्ताक्षर

अभिभावक के हस्ताक्षर

वेद विद्या मार्ग, चिन्तामण गणेश, पो. जवासिया, उज्जैन ४५६००६ (म.प्र.),

दूरभाष : (0734) 2502266, 2502254, 2502255, फैक्स : (0734) 2502253 email : msrvvpujn@gmail.com, Web www.msrvvp.nic.in